आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 04.10.2023

मुख्य समाचारः—

1— केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए एलपीजी सब्सिडी, दो सौ रुपये प्रति सिलेंडर से बढ़ाकर तीन सौ रुपये करने को मंजूरी दी।

2— प्रदेश में निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद आज मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया—राज्य में मतदाताओं की संख्या में सात लाख उन्नीस हजार से अधिक की बढ़ोत्तरी हुई है।

3— केंद्रीय सूचना और प्रसारण तथा युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर एकदिवसीय प्रवास पर कल रायपुर आएंगे—केंद्रीय मंत्री रायपुर में नेहरू युवा केन्द्र संगठन द्वारा आयोजित किए जा रहे दो दिवसीय राज्य स्तरीय युवा उत्सव का शुभारंभ करेंगे।

4— रायगढ़ के कोड़ातराई में आज कांग्रेस द्वारा आयोजित भरोसे के सम्मेलन में राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बयासी चयनित विकासखंडों में बनने वाले जैतखाम का शिलान्यास किया।

कैबिनेट—निर्णय

केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए एलपीजी सब्सिडी, दो सौ रुपये प्रति सिलेंडर से बढ़ाकर तीन सौ रुपये करने को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बताया कि उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए एलपीजी सब्सिडी, प्रति सिलेंडर एक सौ रुपये बढ़ा दी गई है।

मतदाता सूची—अंतिम प्रकाशन

प्रदेश में निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद आज सभी मतदान केंद्रों में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने रायपुर में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में बताया कि प्रकाशित सूची के अनुसार राज्य में लगभग दो करोड़ तीन लाख साठ हजार दो सौ चालीस मतदाता हैं। इनमें एक करोड़ एक लाख बीस हजार आठ सौ तीस पुरूष, एक करोड़ दो लाख उनतालीस हजार चार सौ दस महिला मतदाता शामिल हैं। इसके अलावा तृतीय लिंग समुदाय के सात सौ नब्बे मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद राज्य में सात लाख उन्नीस हजार आठ सौ पच्चीस मतदाता बढ़ गए हैं।

राज्य में वर्तमान में अट्‌ठारह से बीस आयु वर्ग के ऐसे करीब अट्‌ठारह लाख अड़सठ हजार मतदाता हैं, जो इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव में पहली बार मतदान करेंगे। वहीं, राज्य में अस्सी वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं की संख्या करीब एक लाख छियासी हजार है। आज जारी मतदाता सूची आगामी विधानसभा चुनाव के लिए मूल आधार का कार्य करेगी। लेकिन, फिलहाल नये मतदाताओं के नाम जोड़ने की कार्यवाही जारी रहेगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि के दस दिन पूर्व तक मतदाता सूची में नये नाम जोड़ने संबंधी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

केंद्रीय मंत्री–कार्यक्रम

केंद्रीय सूचना और प्रसारण तथा युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर एकदिवसीय प्रवास पर कल राजधानी रायपुर आ रहे हैं। केंद्रीय मंत्री रायपुर में नेहरू युवा केन्द्र संगठन द्वारा आयोजित किए जा रहे दो दिवसीय राज्य स्तरीय युवा उत्सव का शुभारंभ करेंगे। यह युवा उत्सव रावतपुरा विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जा रहा है। पांच और छह अक्टूबर को होने वाले इस युवा उत्सव में छत्तीसगढ़ के अट्ठाईस जिलों से लगभग पांच सौ युवक–युवतियां भाग लेंगे। युवा उत्सव के दौरान चित्रकला, कविता, मोबाइल फोटोग्राफी, भाषण एवं सामूहिक नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय युवा उत्सव में शामिल होने का अवसर मिलेगा। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमृतकाल के पंच प्रण– विकसित भारत, गुलामी की सोच से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकजुटता और नागरिक कर्तव्य पर आधारित होगा।

केंद्रीय मंत्री श्री ठाकुर कल अपने रायपुर प्रवास के दौरान एक अन्य कार्यक्रम में मीडिया ऐप्स का लोकार्पण भी करेंगे।

भाजपा–प्रेसवार्ता

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने आज भाजपा द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से शुरू किए गए डिजिटल अभियान की शुरूआत की और वे स्वयं पहले डिजिटल योद्धा बने। पार्टी से जुड़ने के लिए लोग मिस्ड कॉल देकर डिजिटल योद्धा और सोशल मीडिया वालेंटियर्स बन सकते हैं। इस मौके पर श्री साव ने डिजिटल योद्धा अभियान के पोस्टर का विमोचन भी किया।

इस अवसर पर रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री साव ने कहा कि प्रदेश में भाजपा द्वारा निकाली गई परिवर्तन यात्रा को जनता की अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर अराजकता और अलगाववाद फैलाने का आरोप लगाया। नगरनार संयंत्र का जिक्र करते हुए श्री साव ने कहा कि इस संयंत्र के शुरू होने से राज्य के पचास हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

कांग्रेस–भरोसे का सम्मेलन

रायगढ़ के कोड़ातराई में आज कांग्रेस द्वारा भरोसे का सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने राज्य शासन की विभिन्न योजनाओ के तीन हजार से अधिक हितग्राहियों को नौ करोड़ रूपये से अधिक की सहायता राशि और सामग्री का वितरण किया। साथ ही बयासी चयनित विकासखंडों में बनने वाले जैतखाम का शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री टी.एस.सिंहदेव, पूर्व केन्द्रीय मंत्री कुमारी सैलजा, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर चरण दास महंत सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

मुख्यमंत्री–पीएससी

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग–पीएससी की परीक्षाओं के दस्तावेज के विनिष्टिकरण की व्यवस्था में बदलाव लाने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद राज्य शासन की ओर से आयोग की परीक्षाओं की उत्तर–पुस्तिका और दस्तावेजों के विनिष्टिकरण की अवधि को दो साल किए जाने का प्रस्ताव भेजा गया है। गौरतलब है कि पीएससी परीक्षाओं की उत्तर–पुस्तिका ओर दस्तावेज को विनिष्टि किए जाने के नियम राज्य में लंबे समय से जारी है। अब इसमें बदलाव लाने की पहल की जा रही है।

ईडी–रणबीर कपूर समन

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने अभिनेता रणबीर कपूर को महादेव बुक ऑनलाइन बेटिंग ऐप मामले में समन जारी किया है। उन्हें ईडी की टीम ने छह अक्टूबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। जानकारी के अनुसार यह मामला मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा हुआ है। इस मामले में ऐप के संचालक सौरभ चंद्राकर सहित सत्रह अन्य फिल्मी सितारों से ईडी पूछताछ कर सकती है।

गौरतलब है कि ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छत्तीसगढ़ सहित चार अन्य राज्यों में तीस से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और करीब चार सौ सत्रह करोड़ रूपये की संपत्ति भी जब्त की गई है।

जवान–अपहरण

बीजापुर पुलिस लाईन में पदस्थ बस्तरिया बटालियन के जवान शंकर कुडियम के अपहरण का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि यह जवान उनतीस सितंबर को भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के उसपरी गांव के पास तैनात था और उसी दिन से उसका पता नहीं चल पाया है। परिजनों और सर्व आदिवासी समाज के लोगों ने जवान के अपहरण की आशंका जताई है। उन्होंने माओवादी संगठनों से अपील की है कि वे जवान की सकुशल रिहाई करें। यह जवान एरमनार गांव का निवासी है।

सहायक शिक्षक–दस्तावेज सत्यापन

प्रदेश में इन दिनों सहायक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है। इसके तहत आरक्षित संवर्ग में नियुक्ति पाने वाले अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन के बाद पात्र उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जा रहे हैं। ये नियुक्ति पत्र अभ्यर्थियों को उनकी मेरिट के अनुसार रैंक तथा उपलब्ध पदों के आधार पर जारी किए गए हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यदि इस रैंक से ऊपर का कोई अभ्यर्थी नियुक्ति से छूटा है और दस्तावेज सत्यापन में उसे पात्र पाया गया है, तो ऐसे अभ्यर्थी संचालक लोक शिक्षण संचालनालय के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

इस बीच, शिक्षकों की सीधी भर्ती के तहत तृतीय चरण की ऑनलाईन काउंसिलिंग के बाद अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन कल पांच अक्टूबर को नवा रायपुर स्थित इंद्रावती भवन में किया जाएगा।

निगरानी समिति बैठक

रायपुर सांसद सुनील सोनी की अध्यक्षता में आज जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक हुई। रायपुर के कलेक्टोरेट परिसर में आयोजित इस बैठक में केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान श्री सोनी ने जनप्रतिनिधियों से कहा कि वे अपने क्षेत्र की समस्याएं अधिकारियों को बताएं, जिसका तय समय पर निराकरण किया जा सकें। बैठक में श्री सोनी ने प्रधानमंत्री सड़क योजना और जल जीवन मिशन के कार्यों को जल्द ही पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और मनरेगा के कार्यों में गति लाने को भी कहा।

आरडीए–सरचार्ज छूट

रायपुर विकास प्राधिकरण–आरडीए ने बकाया राशि का एक साथ भुगतान करने पर सरचार्ज राशि में छूट की अवधि सोलह अक्टूबर तक बढ़ा दी है। प्राधिकरण सीईओ धर्मेश कुमार साहू ने बताया कि यह छूट कौशल्या माता विहार और इन्द्रप्रस्थ रायपुरा के प्रधानमंत्री आवास योजना में निर्मित फ्लैट्स सहित पुरानी योजनाओं में आवंटिति संपत्तियों पर दी जा रही है। इसके तहत आवासीय में पचास प्रतिशत और व्यावसायिक संपत्तियों में तीस प्रतिशत सरचार्ज राशि की छूट दी जा रही है।

तीरंदाजी प्रतियोगिता

रायपुर के बूढ़ापारा स्थित आउटडोर स्टेडियम में इन दिनों सीनियर राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस स्पर्धा में प्रदेश के बारह जिलों के एक सौ पचास खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। इस स्पर्धा के विजेता खिलाड़ी नवंबर में अयोध्या में होने वाले राष्ट्रीय स्पर्धा में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। रायपुर में आयोजित इस स्पर्धा में पहली बार ओलंपिक खेलों में शामिल रिकर्व, कंपाउंड और इंडियन राउंड ग्रुप की स्पर्धा हुई, जिसमें अस्सी खिलाड़ी शामिल हुए।

संक्षिप्त समाचार

– वीरांगना रानी दुर्गावती की कल जयंती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उन्हें नमन करते हुए कहा है कि गोंडवाना साम्राज्य की रानी दुर्गावती भारतीय नारी की दृढ़ इच्छाशक्ति और शौर्य की प्रतीक हैं।

– अभनपुर नगर पंचायत को नगर पालिका का दर्जा देने संबंधी अधिसूचना नगरीय प्रशासन विभाग ने जारी कर दी है, जिसका प्रारंभिक प्रकाशन छत्तीसगढ़ राजपत्र में कर दिया गया है।

– महिला और बाल विकास विभाग में पर्यवेक्षकों के रिक्त पदों के लिए अभ्यर्थियों के अभिलेखों और दस्तावेजों का सत्यापन दस से बारह अक्टूबर तक नवा रायपुर में किया जाएगा।

– रायपुर के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय मेँ हीरक जयंती वर्ष के अवसर पर आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें साठ से अधिक लोगों ने रक्तदान किया।

– संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने आज रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय नगर में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का लोकार्पण किया।

– छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा आज रायपुर के शंकर नगर स्थित बालाजी उद्यान में अड़तालीसवें निःशुल्क योगाभ्यास केन्द्र का शुभारंभ किया गया।

– जिला रोजगार और स्व–रोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायपुर में छह अक्टूबर को सुबह ग्यारह बजे से दोपहर तीन बजे तक जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से दो सौ पैंतीस पदों पर भर्ती की जाएगी।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><>